Title: Need for early electrification of certain ST dominated blocks of Singhbhum Parliamentary Constituency, Jharkhand.

श्री लक्ष्मण गिलुवा (सिंहभूम) : मेरा संसदीय क्षेत्र सिंहभूम आजादी के 54 साल के बाद बुनियादी सेवा से वंचित है। आज तक इस संसदीय क्षेत्र के प्रखंड तांतनगर, मंझारी, कुमारडोगी में किसी गांव में बिजली नहीं है। यह ब्लाक पूरी तरह से आदिवासी बाहुल्य है, जिन्हें बिजली के अभाव में आगे बढ़ने के अवसर नहीं मिल रहे हैं और न ही उनके बच्चों का बिजली के अभाव में पठन-पाठन ठीक प्रकार से चल रहा है।

सदन के माध्यम से अनुरोध है कि इन ब्लाकों के गांवों में बिजली पहुंचाई जाए, जिससे यहां के लोग देश के विकास की धारा में आ सकें।